## रादौर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अनाज मंडी में हुआ उपमंडलस्तरीय कार्यक्रम, लोगों से सीखे स्वस्थ्य रहने के गुर

# योग ने दी विश्व को स्वस्थ व संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा

### विधायक बोले, आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में और बढ़ गई है योग की अहमियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। उपमंडलस्तरीय योग कार्यक्रम में मुख्यातिथि एवं विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को स्मृतिचिह्न भेंट करते मार्किट कमेटी रादौर के चेयरमैन व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रादौर की अनाज मंडी में उपमंडलस्तरीय कार्यक्रम हुआ। मुख्यातिथि के रूप में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। मौके पर योग प्रशिक्षकों ने साधकों को योग की विभिन्न क्रियाएं करवाईं।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है। जिसने पूरे विश्व को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनाव, चिंता और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में योग हमें मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन एकाग्र और जीवन अनुशासित बनता है। प्राणायाम, ध्यान और विभिन्न योगासन हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि योग दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर रादौर के मार्किट कमेटी के प्रांगण में विधायक, रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पौधा रोपण भी किया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन रूपेन्द्र सिंह मल्ली ने विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को स्मृति चिन्ह व शाल भेट कर सम्मानित भी किया। मौके पर रादौर के तहसीलदार अशोक कुमार, नायब तहसीलदार अनिल कुमार, एसएमओ रादौर डॉ. विजय परमार, खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार धीमान, बीडीपीओ रादौर सिमरन भटनागर, भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा व रादौर नपा के चेयरमैन रजनीश मेहता शालु आदि मौजूद रहे।

## योग से असाध्य बीमारियां होती हैं दूर: गिल

### छछरौली अनाज मंडी में हुआ योग कार्यक्रम वक्ता बोले- योग को आदत में करें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। छछरौली में उपमंडलस्तरीय योग कार्यक्रम में योगासन करते मुख्यातिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छछरौली अनाज मंडी में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि रहे हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के सदस्य एडवोकेट मुकेश गर्ग एडवोकेट।

एसडीएम ने कहा कि योग एक ऐसी साधना है। जिस पर लगातार चलकर मन को शांति मिलती है। योग साधना से असाध्य बीमारियों का उपचार संभव है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल देश में, बल्कि विश्व में योग की अलख जगाकर विश्व भर में योग का परचम लहराया है। वहीं, हरियाणा विद्युत नियामक आयोग सदस्य मुकेश गर्ग ने कहा कि योग एक जीवन शैली है। जिस पर चलकर मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहकर हर व्यक्ति अपना जीवन यापन कर सकता है। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति से गोविंद सैनी ने साधकों को विभिन्न योग क्रियाएं करवाई। उन्होंने कहा कि अनुलोम विलोम करने से रक्त का स्तर बढ़ता है। मौके पर मुख्यातिथि द्वारा योग टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। इस अवसर पर बीईओ अशोक धीमान, आयुष विभाग की एएमओ डॉ.मोनिका व संजीव वर्मा, पतंजलि योग समिति से गोविंद व भूपाल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपील मनीष गर्ग, नंबरदार संजीव सैनी, जिला उपाध्यक्ष रामपाल, जिला महामंत्री प्रवीन खदरी, मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल, योग सहायक मोहन व देवेन्द्र और कोच रमजीत मौजूद रहे।





यमुनानगर। एडीआर सेंटर में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लेते अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजना अग्रवाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### योग को बनाए अपने जीवन का अंग: अग्रवाल

यमुनानगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एडीआर सेंटर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजना अग्रवाल व डॉ. रजनी कौशल ने भाग लिया। मुख्यातिथि ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परम्परा है। यदि इंसान किसी शारीरिक परेशानी या बीमारी से ग्रस्त है तो उसके लिए सभी सुख महत्वहीन हो जाते हैं। इसलिए निरोगी काया का पहला सुख योग माना गया है। इसलिए हमें योग क्रियाओं को अपने जीवन का अंग बनाना होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में आयुष विभाग की ओर से योग प्रशिक्षक निशा कांबोज व पूजा ने संयुक्त रूप से सभी को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान क्रियाओं का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में विभिन्न अधिवक्ताओं और कोर्ट स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प भी लिया।



यमुनानगर। जिला जेल में आयोजित योग कार्यक्रम में योग करते बंदी और जेल स्टाफ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### योग पद्धति भारत की प्राचीन विरासत: सत्येंद्र

यमुनानगर। जिला आयुष विभाग व आर्ट आफ लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जिला जेल में योग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जेल अधीक्षक सत्येन्द्र कुमार ने की। इसमें प्रशिक्षित योगाचार्य योग सहायक अजय राणा व सोनिया चहल ने योग का अभ्यास करवाया। आर्ट ऑफ लिविंग यमुनानगर से बिंदु के द्वारा सभी का मेडिटेशन भी कराया गया। जिला जेल अधीक्षक सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीन विरासत है। मौके पर जिला जेल सहायक अधीक्षक दर्शन लाल, उपाधीक्षक जेल विवेक सांगवान, जिला जेल चिकित्सा अधिकारी डॉ. शुभम नय्यर, डॉ.मोहम्द बिलाल, राकेश कुमार व जगदीश ढिल्लो, उप सहायक अधीक्षक जेल, जिला आयुष विभाग से योग सहायक अजय राणाए सोनिया चहल व आर्ट ऑफ लिविंग यमुनानगर से बिंदु आदि ने भाग लिया।

### ससुराल पक्ष पर लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

यमुनानगर। शहर की एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि उसका पति उसे अपने दोस्तों के साथ बैठकर शराब पीने और शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद पति और सास के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जगाधरी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2018 में अंबाला शहर निवासी हरीश कुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति और ससुराल पक्ष ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। आरोप है कि पति अक्सर नशे में घर आता और दो लाख रुपये नकद व नई कार लाने का दबाव बनाता था।

## कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्वक हुआ नीट

- जिले में छह परीक्षा केंद्रों पर 1546 परीक्षार्थियों ने दिया टेस्ट
- परीक्षा केंद्रों पर दिन पर जिला प्रशासन व पुलिस रही अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) की परीक्षा रविवार को जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। परीक्षा के लिए छह केंद्र बनाए गए थे। जिन पर 1763 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा दी जानी थी। मगर परीक्षा केंद्रों पर कुल 1546 परीक्षार्थियों ने पहुंचकर परीक्षा दी और 217 बच्चे गैरहाजिर रहे। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इस बार केंद्रों पर पिछले वर्षों की तुलना में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सख्त रखी गई।

रविवार सुबह से ही जिले में नीट के लिए बनाए गए छह परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। हर केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई थी और पुलिस व अर्धसैनिक बलों की तैनाती के बीच प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराई गई। परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर जांच के बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया गया। केवल एडमिट कार्ड, पहचान पत्र और दो पासपोर्ट साइज फोटो ले जाने की अनुमति दी गई। जबकि अन्य सभी वस्तुओं पर प्रतिबंध रहा। केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू रही और अभिभावकों को भी वहां रुकने की अनुमति नहीं दी गई। वहीं, तकनीकी सुरक्षा के तहत सभी केंद्रों पर जैमर लगाए गए थे। ताकि किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग न हो सके। प्रशासन ने परीक्षा को नकल विहीन और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। परीक्षा के दौरान एडीसी नवीन आहूजा, एसडीएम विश्वनाथ व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल समेत अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया।

### जाट सेवा संघ का प्रदेशस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

रादौर। जाट सेवा संघ के प्रदेशस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर जाट आरक्षण के दौरान समाज के लोगों पर दर्ज किए गए मामलों को रद्द किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया ने किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल एडवोकेट सुरेशपाल बंचल रादौर ने बताया कि जाट सेवा संघ के प्रदेशस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया,गंगा राम श्योराण, एडवोकेट सुरेशपाल बंचल, बलदेव राठी, आजाद सिंह लठवाल, प्रीतपाल धनौरा व जसविंदर धनौरा आदि शामिल रहे। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से वर्ष 2016 में जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान समाज के लोगों पर मामले दर्ज किए गए थे। जिन्हें रद्द किया जाए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल व प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने उन्हें मामले निरस्त करने का आश्वासन दिया गया था। मगर आज तक उनकी इस मांग को पूरा नहीं किया गया। जिससे समाज के लोग निराश हैं। वहीं, प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से स्पेशल कैटेगिरी में आरक्षण का लाभ देते हुए उनके जो 39 प्रतिभागी नौकरियों से वंचित रह गए थे। उन सभी प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र दिए जाने की मांग की। एडवोकेट सुरेश बंचल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

### न्यूज डायरी



#### संसार में सर्वश्रेष्ठ है गुरु और शिष्य का संबंध

यमुनानगर। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी नीलम भारती साध संगत को भक्ति मार्ग से जुड़े सूत्रों के महत्व को बताया। साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि भक्ति मार्ग गुरु के बिना एक ऐसा अनजान रास्ता है। जिसमें एक भक्त अहंकार, स्वार्थ एवं ऋद्धि सिद्धियों के प्रलोभन में अटक सकता है। लेकिन गुरु अपनी कृपा दृष्टि और तपोबल के द्वारा अपने शिष्य के भक्ति पथ पर आने वाले प्रत्येक अवरोध को नष्ट करते हैं। गुरु शिष्य का संबंध इस संसार का सर्वश्रेष्ठ संबंध है। जिसमें शिष्य अपने मन वचन कर्म से गुरु के चरणों में समर्पित होता है। गुरु अपना सम्पूर्ण जीवन शिष्य के कल्याण हेतु लगा देता है। गुरु अपने शिष्य के संचित कर्मों को समाप्त करके उसके प्रारब्ध की उस धार को कुंठित कर देते हैं जो भविष्य में उनके शिष्य को कष्ट देने वाली होते हैं। साध्वी नीलम भारती ने साध संगत को समझाया कि भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा को मानव जीवन की सबसे पवित्र और श्रेष्ठ परंपराओं में से एक माना गया है। गुरु केवल बाहरी रूप से मार्गदर्शन करने वाला व्यक्ति नहीं होता है। बल्कि गुरु शिष्य के जीवन में ज्ञान, विवेक, संस्कार और आत्मविश्वास का संचार कर उसे अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर करता है।



#### विद्यार्थियों को तनाव रहित वातावरण देना जरूरी

रादौर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में क्लासरूम विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सामूहिक हनुमान चालीसा के पावन पाठ के साथ किया गया। कार्यक्रम में इंडियन पब्लिक स्कूल से सोनू शर्मा व बड़ू साहिब से अमनप्रीत सैनी ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता जनता पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना बजाज ने की। मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ सोनू शर्मा व अमनप्रीत सैनी ने अत्यंत प्रभावशाली एवं सहभागितापूर्ण सत्र प्रस्तुत किए। उन्होंने हैप्पी क्लासरूम की अवधारणा, सामाजिक.भावनात्मक अधिगम, सकारात्मक कक्षा संस्कृति, प्रभावी शिक्षक विद्यार्थी संबंध, तनावमुक्त शिक्षण वातावरण तथा गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कक्षा भवन में तनाव रहित शिक्षण वातावरण देना जरूरी है। वहीं, विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. कल्पना बजाज ने सभी अतिथियों, मुख्य वक्ताओं व प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षमता निर्माण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के साथ साथ विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

#### एसआईआर का 86 प्रतिशत कार्य हुआ पूर्ण: प्रीति

यमुनानगर। भारत चुनाव आयोग एवं हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार जिला यमुनानगर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। वर्तमान स्टेटस रिपोर्ट के मुताबिक एसआईआर से जुड़े कार्यों एवं गणना फार्म वितरित करने में जिले में लगभग 86 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी। उपायुक्त प्रीति ने एसआईआर से जुड़े अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्तमान स्टेटस रिपोर्ट केअनुसार जिला यमुनानगर एसआईआर से जुड़े कार्यों एवं गणना फार्म वितरित करने में जिले में लगभग 86 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल मतदाता 9 लाख 18 हजार 682 और गणना प्रपत्र वितरण 7 लाख 88 हजार 869 है। जिले में प्रत्येक बूथ पर एक बीएलओ नियुक्त किया गया है। जिले में 979 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। उपायुक्त ने जिला के सभी बीएलओ का आह्वान किया है कि वह अपनी ड्यूटी निष्ठापूर्वक करें और गर्मी में अपनी सेहत का भी ख्याल रखें। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम के अन्तर्गत बीएलओज द्वारा गत 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक घर घर जाकर सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूचियों को त्रुटि रहित बनाना है। इस दौरान जिला के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर नियुक्त बीएलओ अपने मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में वर्णित प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना फार्म वितरित कर रहे हैं।

### महिला के पर्स से 14 हजार रुपये कैश और सोने के टॉप्स चोरी

यमुनानगर। जिले के व्यासपुर बाजार में दुकान पर खरीदारी कर रही महिला के पर्स से 14 हजार रुपए कैश व सोने का टॉप्स चोरी हो गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव रामखेड़ी निवासी ममतेश कुमारी ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 20 जून को सुबह साढ़े 11 बजे वह व्यासपुर बाजार में खरीदारी करने के लिए गई थी। जब वह अहूजा गारमेंट्स की दुकान पर खरीदारी कर रही थी तो उसने अपना पर्स साइड में रख दिया। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसके पर्स से 14 हजार रुपये में सोने का टॉप्स चोरी कर लिया। खरीददारी करने के बाद जब वापस से पैसे निकालने लगी तो उसे पर से पैसे गायब मिले। काफी तलाश करने के बाद भी पर्स से पैसे व सोने का टॉप्स नहीं मिला। उसने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## महंगाई से परेशान है जनता: प्रो. सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। कांग्रेस की बैठक को संबोधित करतीं कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व सांसद प्रो. कैलाशो सैनी।

कांग्रेस पार्टी रादौर द्वारा कस्बा की कांबोज धर्मशाला में बीएलए टू की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं कांग्रेस की अनुसाशन समिति की प्रदेश सदस्य प्रोफेसर कैलाशों सैनी ने की। मौके पर कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह गुर्जर भी मौजूद रहे।

पूर्व सांसद ने बैठक में कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का आहवान किया। ताकि जमीनी स्तर तक कांग्रेस का संगठन मजबूत हो सके। कहा कि भाजपा की जनविरोधी सरकार को आगामी चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। आज भ्रष्टाचार, महंगाई से जनता त्रस्त है। युवा वर्ग की समस्याओं के समाधान की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मौके पर कांग्रेस ग्रामीण के जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह गुर्जर ने प्रोफेसर कैलाशो सैनी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में आगामी सरकार कांग्रेस की होगी। इस अवसर पर जितेंद्र नरवाल, सतनाम सिंह, उमेश गुप्ता, सतपाल सैनी, तारा चंद, जगमाल हड़तान, अमन कांबोज, सुरेश मारूपुर, अनिल सैनी, नायब सिंह ठसका, सतीश घेसपुर, भूपिंदर शर्मा, सुखश्याम, ओमप्रकाश दौलतपुर आदि मौजूद रहे।

### घर लौट रही महिला से बाइक सवार युवकों से झपटा पर्स

यमुनानगर। जगाधरी से काम निपटाकर अपने घर दर्शन नगर लौट रही महिला से बाइक सवार युवकों ने पर्स झपट लिया। पर्स में 10 हजार रुपए, बैंक के दस्तावेज तथा अन्य सामान था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। हुड्डा सेक्टर-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में दर्शन नगर निवासी सुमित्रा देवी पत्नी ने बताया कि वह किसी काम से जगाधरी गई हुई थी। काम निपटाने के बाद जब वह वापस अपने घर लौट रही थी और घर के नजदीक पहुंची, तभी पीछे से बाइक पर सवार दो युवक उनके पास आए। महिला के अनुसार, इससे पहले कि वह कुछ समझ पाती, बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका पर्स छीन लिया और तेज रफ्तार से मौके से फरार हो गए। अचानक हुई इस वारदात से महिला घबरा गई और शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग तुरंत बाहर निकले और स्नेचरों के पीछे दौड़े, लेकिन तब तक दोनों युवक काफी दूर निकल चुके थे।

### अधिक लाभ का लालच देकर महिला से ठगे 1.12 लाख रुपये

- पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का केस

यमुनानगर। कंपनी में पैसा इन्वेस्टमेंट कर अधिक प्रॉफिट कमाने का लालच देकर साढ़ौरा निवासी संतोष धीमान से एक लाख 12 हजार रुपए ठग लिए। आरोप जिला अंबाला के गांव गधोली निवासी प्रीतम व व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव मछरोली निवासी जसबीर पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार साढ़ौरा निवासी संतोष धीमान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2024 में उसकी मुलाकात जिला अंबाला के गांव गधोली निवासी प्रीतम व गांव मछरोली निवासी जसबीर के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि वह कंपनी में काम करते हैं। उनकी कंपनी में पैसा लगाकर अधिक प्रॉफिट कमाया जा सकता है। वह आरोपियों की बातों में आ गई। आरोपियों ने अक्टूबर 2024 से मई 2025 के बीच उससे कंपनी में एक लाख 12 हजार रुपए इन्वेस्टमेंट करवा दिए। आरोपियों ने उसे प्रॉफिट देने का झांसा दिया मगर पैसे लगाने के बाद आरोपियों ने उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए। जब उसने आरोपियों से इस बारे बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच के बाद पुलिस को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने संतोष धीमान की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ऊर्जा मंत्री विज से मिलने की तैयारी में किसान

## प्रशासन ने अड़ंगा डाला तो करेंगे आंदोलन

### जिला कष्ट निवारण समिति की 26 जून को लघु सचिवालय में होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। फैसले की जानकारी देते हुए भाकियू के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर।

भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) के सदस्य किसानों की मांगो को लेकर 26 जून को लघु सचिवालय यमुनानगर में आयोजित होने वाली जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अनिल विज से मिलेगा।

उक्त जानकारी यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने दी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने किसानों को जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में ऊर्जा मंत्री अनिल विज से मुलाकात करने से रोका तो वह आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि लंबे समय से किसानों की बिजली से संबंधित मांगे लंबित पड़ी हैं। जिनमें वर्षों से किसानों के नलकूपों के कनेक्शन नहीं दिए जाना, बिजली की लटकी हुई तारें, टूटे खंबे, लाइन काटने का किसी भी ट्रांसफार्म पर स्विच नहीं होना, किसान को बिना शर्तो के लोड बढ़वाने, किसान को सिंचाई के लिए 8 घंटे बिजली ना मिलना व ग्रामीण इलाकों में गर्मी के मौसम में कई कई घंटे के बिजली के कट लगाए जाने आदि मांगो को लेकर ऊर्जा मंत्री अनिल विज से मिला जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि प्रशासन ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से मिलने नही दिया गया तो किसान आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। इसमें चाहे काले झंडे दिखाना हो या फिर कोई बड़ा आंदोलन करना हो।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दीप राणा, यादविंदर कांबोज, विनोद गुर्जर तेलीपुर, महेंद्र चमरौडी, सरदार कुलविंदर सिद्धू, देवेन्द्रस जरनैल सरपंच रूलाखेड़ी, अशोक डांगी, दयाराम पूर्व सरपंच जयधर, बिजेंद्र राणा,पवन गोयल व रोहित कांबोज आदि किसान मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : श्रीकृष्ण आयुष विवि में पर 500 से अधिक योग साधकों ने किया योग

# अष्टांग योग को अपनाने से मिलता है संतुलित और निरोग जीवन : प्रो. धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में रविवार को 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 का उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता समेत 500 से अधिक योग साधकों ने योग किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि केवल योगासन करने से योग का उद्देश्य पूरा नहीं होता, बल्कि अष्टांग योग के सभी अंगों को जीवन में अपनाना आवश्यक है। यह परिवर्तन एक दिन में नहीं आता, बल्कि इसके लिए व्यक्ति को निरंतर स्वयं को प्रशिक्षित करना पड़ता है। अच्छी आदतों को अपनाने और बुरी आदतों को धीरे-धीरे छोड़ने का सतत प्रयास ही योग का वास्तविक मार्ग है।



### कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया

इससे पहले योग विभाग की प्रोफेसर डॉ. शीलत सिंगला ने शिक्षकों, चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि यदि व्यक्ति जीवनभर योग के सिद्धांतों का पालन करता है तो वृद्धावस्था में उसकी आवश्यकताएं सीमित हो जाती हैं तथा मन, इंद्रियों और विचारों पर उसका नियंत्रण स्वतः मजबूत हो जाता है। ऐसी अवस्था व्यक्ति को सुखी, निरोग और संतुलित जीवन प्रदान करती है तथा वह समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनता है। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणधीर सिंह, पूर्व कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला, प्रो. सीमा रानी, डॉ. सुरेंद्र सिंह सहरावत,उप कुलसचिव विकास शर्मा, डॉ. शंभू दयाल, डॉ. मोहित शर्मा, सहायक कुलसचिव राम निवास आदि मौजूद रहे।

## विश्व शांति धाम में राजयोग व योगासन का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के विश्व शांति धाम सेवा केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में कैलाश सैनी ने कहा कि उन्हें अनेक राजनीतिक, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में जाने का अवसर मिलता है, लेकिन ब्रह्माकुमारीज में जो अनुशासन, शांति और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि सेना जैसा अनुशासन यहां स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ कार्य करने के अनुभव साझा किए। करते हुए उन्होंने कहा कि योग के दो महत्वपूर्ण पक्ष हैं—शारीरिक और आध्यात्मिक। शरीर पांच तत्वों से निर्मित एक वाहन है और आत्मा को परमात्मा से जोड़ने के लिए इसका स्वस्थ रहना आवश्यक है। मनुष्य का मन ही उसे परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है तथा उचित मार्गदर्शन मिलने पर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।



### प्रेरणादायक गीत किया प्रस्तुत

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन जी, मुख्य अतिथि कैलाश सैनी, बीके रामनिवास, बीके भगवत, हरबंस सिंह एवं निर्मल बहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुमारी दिविशी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया तथा बीके गीता बहन ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किया।

## लाडवा में विद्यार्थियों, शिक्षकों, तथा क्षेत्र के नागरिकों ने किया योगासन



लाडवा। नगर निगम अंबाला की महापौर अक्षिता सैनी ने कहा कि भारत की प्राचीन धरोहर योग को विश्व ने सिर माथे पर लिया है। आज पूरा विश्व योग उत्सव को मना रहा है, जो हमारे लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने योग के महत्व को देखते हुए स्कूलों के पाठ्यक्रम में योग शिक्षा को शामिल करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसका पूरा प्रदेश स्वागत कर रहा है। हरियाणा प्रदेश विकास की ऊंचाइयों को छूने के साथ स्वास्थ्य में नंबर वन बने, इसके लिए आज किए गए योग प्रोटोकॉल को अपने दैनिक जीवन में धारण करने की जरूरत है। नगर निगम अंबाला की महापौर अक्षिता सैनी रविवार को उप मंडल लाडवा के आईजीएन कॉलेज में 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। महापौर अक्षिता सैनी, चेयरपर्सन साक्षी खुराना, चेयरमैन डॉ गणेश दत्त ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि नगर निगम अंबाला की महापौर अक्षिता सैनी को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीडीपीओ विनोद सांगवान, तहसीलदार नवम धनिया, नायब तहसीलदार बलकार सिंह, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष पूनम सैनी, एएमओ पूजा मढ़ाण, प्रिंसिपल डॉ अशोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एनआईटी में विद्यार्थियों ने किया योग

कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। योग संगम कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के शारीरिक शिक्षा एवं खेल अनुभाग द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों तथा योग प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह आयोजन आयुष मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्तर के योग दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:00 बजे संस्थान के परीक्षा भवन परिसर में हुआ। इस अवसर पर एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. ब्रह्मजीत सिंह तथा अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) प्रो. लिली दीवान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रो. लिली दीवान ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन तथा भावनात्मक सुदृढ़ता का आधार है।



## योग तन और मन को जोड़ता : श्रवण गर्ग

*पिहोवा। प्रत्येक वर्ष 21 जून को पूरा देश ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसका प्रस्ताव दिया था। यूनाइटेड नेशन ने इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और दुनियाभर में प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी विवेक कुमार ने गो सेवा आयोग चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग का अनाज मंडी पिहोवा में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। गो सेवा आयोग चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग रविवार को पिहोवा अनाज मंडी में आयोजित किए गए 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नागरिकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ने का एक तरीका है। इस मौके पर मार्किट कमेटी प्रधान तरुणदीप वड़ैच,अनाज मंडी प्रधान नवीन गर्ग, पिहोवा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी विवेक कुमार, नगरपालिका पूर्व प्रधान अशोक सिंगला, मंडल अध्यक्ष बाबूराम, डा.सतीश सैनी,सुखबीर सैनी आदि मौजूद रहे।*



## नवयुग स्कूल में योग के लाभ बताए

*कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने योग के महत्व एवं लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा तथा प्रधानाचार्य डॉ देवेंद्र अरोड़ा ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करने और इसे अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया।*



## वाइस चेयरमैन ने परिवार सहित किया योग

*कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला परिषद कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन व क्रीड़ा भारती के विभाग संयोजक धर्मपाल चौधरी डी.पी. ने अपने परिवार के साथ रॉयल क्वांटलन पार्क, सरी ब्रिटिश कोलंबिया, कनाडा में योगाभ्यास कर योग के प्रति अपनी आस्था और जागरूकता का परिचय दिया। इस अवसर पर उन्होंने नियमित योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा को जोड़ने वाली भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। धर्मपाल चौधरी ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण आज योग को वैश्विक पहचान मिली है और संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाना पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में योग और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।*



## योग दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

*थानेसर। योग भारत की सनातन संस्कृति और प्राचीन ऋषि मुनियों की वह अनमोल धरोहर है, जिसका उद्देश्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य नहीं, बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करना है। योग की परंपरा हजारों वर्ष प्राचीन है और इसकी जड़ें वेदों, उपनिषदों और श्रीमद्भगवद्गीता जैसे सनातन ग्रंथों में गहराई से समाहित हैं। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस भारत की सनातन संस्कृति एवं परंपराओं में योग विषय पर आयोजित योग संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा हुआ। योग संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न आसनों एवं योग की अनेक विधाओं का साहसिक प्रदर्शन किया।*

## विश्व ने अपनायी भारत की योग परंपरा : कलसाना

शाहबाद। आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद के खेल मैदान में उपमंडल स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह, अनुशासन और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। योगाभ्यास के माध्यम से सभी ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया तथा योग के महत्व को निकटता से समझा। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे योग प्रशिक्षक कर्मबीर ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम करवाये। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को तनावमुक्त, स्वस्थ और ऊर्जावान बनाता है। हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन



और अमूल्य विरासत है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा के संतुलन का भी आधार है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में कुछ समय योग के लिए निकाले तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है और एक स्वस्थ, सशक्त तथा सकारात्मक समाज का निर्माण किया जा सकता है।

## आत्मा से जुड़कर जीना ही योग : औलिया

कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु



धाम, मुरथल, हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सम्पूर्ण विश्व में मनाया गया। इसी श्रृंखला में आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मोहड़ी, शाहबाद में /"स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग/" थीम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में आयोजित योग सत्र में 300 से अधिक फैकल्टी सदस्यों एवं मेडिकल छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन समर्थगुरु धाम के आचार्य व आदेश अस्पताल के डी.एम.एस. डॉ. नरेश ज्योति द्वारा किया गया।

## योग संतुलित और सफल जीवन का आधार : डॉ. रजनी

कुरुक्षेत्र। उदयन शालिनी फैलोशिप (वरत्र) कुरुक्षेत्र चैप्टर द्वारा डॉ. सुषमा शर्मा (कन्वीनर) के प्रेरणादायक नेतृत्व में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शालिनियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत एक संगीतमय प्रस्तुति से हुई, जिसने सभी प्रतिभागियों के बीच सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का वातावरण निर्मित किया। इसके पश्चात योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसका संचालन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की योग विशेषज्ञ डॉ. रजनी बाली एवं डॉ. परवीन के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. रजनी बाली ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के मध्य सामंजस्य स्थापित करने का एक प्रभावशाली माध्यम है।



## योग से बुजुर्गों में बढ़ता लचीलापन : कमल

लाडवा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रमव अन्नक्षेत्र में बुजुर्गों व पदाधिकारियों ने उत्साह के साथ योग किया। योग दिवस



की थीम /"स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग/" को ध्यान में रखते हुए, योगाचार्य कमल किशोर व बालकृष्ण मल्होत्रा ने बुजुर्गों की शारीरिक और मानसिक सेहत को बेहतर बनाने के लिए विशेष योगासन कराए। इस दौरान योग प्रशिक्षकों ने बुजुर्गों की उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए सरल योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। योगाचार्य कमल किशोर ने बताया कि नियमित योग से बुजुर्गों में लचीलापन बढ़ता है, जोड़ों के दर्द में राहत मिलती है और गिरने का खतरा कम होता है। प्राणायाम और ध्यान से तनाव कम होता है और मानसिक शांति मिलती है। इस अवसर पर विकास सिंघल, सुरेश कंसल, अनुज गोयल, संजय सिंगला , कुंवर सिंघल, मंजू , सीमा , सरिता, सुमन, शीला देवी, जसवंत कौर, बलवंत आदि मौजूद रहे।

## कुवि में शिक्षकों व विद्यार्थियों सहित योग साधकों ने किए योगासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि योग विश्व को भारतीय परम्परा की एक अनमोल देन है। सरल शब्दों में योग का अर्थ है जोड़ना, शरीर को मन के साथ, मन को आत्मा के साथ और आत्मा को परमात्मा के साथ। वे रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के न्यू मल्टी पर्पज हॉल में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में योग साधकों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर



पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा पौधारोपण भी किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय और यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अगुवाई में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी, खेल निदेशक प्रो. डी.एस.राणा, अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं ने योग की विभिन्न मुद्राओं के साथ आसन किए। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. डीएस राणा, प्रो. महाबीर रंगा, प्रो. मुकेन्द्र कादियान, डॉ. अमित टाया, कोच राजेश राजौंद, कोच राजेश मेहला, मलकीत, शैलजा, रमेश, योगेश व योग साधकों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## एसएमबी विद्यालय में शिक्षकों ने किया योग

कुरुक्षेत्र। श्रीमद्भागवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। एक पृथ्वी, एक



स्वास्थ्य - योग के लिए इस वर्ष की थीम पर आधारित कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।प्.रातः 6 बजे विद्यालय प्रांगण में सामूहिक योग सत्र हुआ । विद्यालय के शारीरिक आचार्य राजीव ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम व कपालभाति प्राणायाम व अन्य योगासनो का अभ्यास कराया। उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा ने कहा कि हम सभी को प्रतिदिन कम से कम40 मिनट योग करने और प्लास्टिक मुक्त जीवन अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान ने कहा कि गीता के दर्शन और योग को जोड़कर हम छात्रों को शारीरिक के साथ मानसिक रूप से भी सशक्त बना रहे हैं।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने आयोग सदस्य रेखा रानी का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य रेखा रानी के यमुनानगर आगमन पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान कर्मचारियों ने फूल-मालाएं पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेखा रानी ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा, उनके कल्याण और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आयोग की प्राथमिकता है।

### मांगों को सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन

उन्होंने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की जायज मांगों को संबंधित विभागों और सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। रेखा रानी ने कहा कि प्रदेश सरकार सफाई कर्मचारियों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है तथा आयोग भी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कर्मचारियों से एकजुट होकर अपने अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने रेखा रानी का स्वागत करते हुए कहा कि आयोग में उनकी नियुक्ति से कर्मचारियों को अपनी समस्याओं के समाधान की नई उम्मीद जगी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रेखा रानी सफाई कर्मचारियों की आवाज को सरकार और प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाने का कार्य करेंगी। इस अवसर पर पूर्व महामंत्री ग्रामीण सफाई कर्मचारी राजेश कुमार, जिला अध्यक्ष, यमुनानगर मुकेश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष बालक राम, ब्लॉक अध्यक्ष, साढौरा नवीन कुमार, ब्लॉक प्रधान, सरस्वती नगर रणधीर सिंह, उपाध्यक्ष, सरस्वती नगर सोहनलाल, ब्लॉक प्रधान, रादौर सुरेश कुमार, उर्मिला देवी, ब्लॉक प्रधान आदि मौजूद रहे।

## आरोपी डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा की मासिक पेंशन घटाई

कुरुक्षेत्र। लोक नायक जय प्रकाश सिविल अस्पताल में 15 साल की नाबालिग लड़की के साथ रेप करने के आरोपी कंसल्टेंट डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा शैली के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने एक और बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद विभाग ने आरोपी की पेंशन घटाकर न्यूनतम कर दिया है। अब आरोपी डॉक्टर की 1.15 लाख रुपये मासिक पेंशन घटाकर मात्र 9 हजार रुपये कर दी गई है। भत्तों समेत अब आरोपी को केवल 15 हजार रुपये ही मिलेंगे। विभाग में इस तरह की कार्रवाई पहले कभी नहीं हुई। घटना के बाद विभाग ने आरोपी की पेंशन करने की तैयारी शुरू कर दी थी। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि सरकार की नीति स्पष्ट है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध करने वालों के प्रति किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी।

### टेरी कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह

# 200 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

टेरी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 200 मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर टेरी संस्थान के वाइस चेयरमैन डॉ. वीरेंद्र गोयल एवं चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आर्किटेक्ट




गरिमा गोयल ने अपने संयुक्त संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और नैतिक मूल्यों के विकास का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के मेधावी विद्यार्थी ही कल देश और समाज के सफल नेतृत्वकर्ता बनेंगे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर परिश्रम, समय का सदुपयोग, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को चुनौतियों का डटकर सामना करने तथा असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और ऐसे आयोजन उन्हें नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन सुश्री राधिका शर्मा ने प्रभावशाली ढंग से किया।

